>

Title: Need to ensure adequate supply of fertilizers in Balaghat and Seoni districts of Madhya Pradesh.

श्री के.डी. देशमुख (बालाघाट): सभापति महोदय, वर्तमान में सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में रासायनिक उर्वरकों की मांग के अनुरूप पूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसके कारण किसानों में तीव्र आक्रोश है। मध्य प्रदेश में बालाघाट और सिवनी धान उत्पादक जिले हैं। इन जिलों में धान की उन्नत खेती होती है। धान की खेती के लिए रासायनिक उर्वरक की नितान्त आवश्यकता होती है। इन जिलों में पर्याप्त उर्वरक, यूरिया और डीएपी नहीं होने के कारण किसानों में हाहाकर उत्पन्न हो गया है। किसान परेशान हैं, पर्याप्त मात्रा में उर्वरक नहीं मिलने से धान की पैदावार पर विपरीत असर पड़ेगा। वर्तमान में दोनों जिलों में पांच हजार मीटरिक टन यूरिया तथा पांच हजार मीटरिक टन डीएपी की तत्काल आवश्यकता है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि इन जिलों में रासायनिक खाद की पूर्ति कर किसानों की समस्या हल की जाए। अन्यथा किसान बर्बाद हो जायेंगे। उर्वरक की कमी के कारण नकली उर्वरकों की बाजार में बाढ़ आ गई है, जिसके कारण किसान लुट रहे हैं। इसलिए अमानक स्तर के उर्वरकों पर शीघ्र रोक लगाई जानी चाहिए।